सार-समाचार

ए.बी.वी.पी. कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

जोधपुर, (कासं)। एमबीएम इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी के कुलगुरु पर लगे उत्पीड़न के गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया और कुलाधिपति व राज्यपाल के नाम का एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा। एबीवीपी के महानगर मंत्री विशाल गौड़ ने बताया कि एमबीएम विश्वविद्यालय में वर्तमान कुलगुरु प्रो. अजय कुमार शर्मा के विरुद्ध महिला व शिक्षक उत्पीड़न एवं अनुचित व्यवहार से संबंधित गंभीर आरोप सार्वजनिक रूप से उजागर हुए हैं। यह प्रकरण न केवल विश्वविद्यालय की गरिमा और शैक्षिणक अनुशासन पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, बल्कि शिक्षक समुदाय और छात्र-छात्राओं के मानसिक वातावरण को भी आघात पहुंचाने वाला है। विश्वविद्यालय एक पवित्र शैक्षिणक संस्था है, जिसका उद्देश्य ज्ञान, संस्कार और समानता का प्रसार करना है। यदि इस परिसर में शिक्षकों या महिला अधिकारियों के साथ उत्पीड़न जैसा व्यवहार हो रहा है, तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और विश्वविद्यालय की साख को हानि पहुंचाने वाला है। जब शिक्षक और महिला अधिकारी ही असुरक्षित महसूस करें, तो छात्राओं की स्थिति और अधिक संवेदनशील हो जाती है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रांत इस गंभीर प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्च स्तरीय जांच की मांग करती हैं। उन्होंने राज्यपाल से प्रकरण की जांच हेतु स्वतंत्र समिति गठित करने के निर्देश प्रदान करने, जांच पूर्ण होने तक कुलगुरु को प्रशासनिक पद से विरत करने, विश्वविद्यालय परिसर में महिला सुरक्षा, शिक्षक सम्मान और पारदर्शी वातावरण के लिए स्थायी नीतिगत सुधार के निर्देश देने की मांग की।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रथम सप्ताह पूरा

जालोर, (कासं)। राजकीय महाविद्यालय रेवतड़ा में मंगलवार को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रथम सप्ताह पूर्ण हुआ। चार सप्ताह के इस प्रशिक्षण में इस सप्ताह हुए प्रशिक्षण में छात्राओं को बैसिक वार्मअप, आत्मरक्षा की आवश्यकता पर व्याख्यान, मानसिक रूप से छात्राओं को आत्मरक्षा में सशक्त बनाना, एवं विभिन्न क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त साहसी महिलाओं की जानकारी प्रदान करना जैसी आधारभूत जानकारियां दी गई। सहायक आचार्य डॉ जितेन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण सरकार की महत्वाकांक्षी बजट घोशणाओं में से एक है, जो महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा के लिए कारगर साबित होगा। इस प्रशिक्षण से सायला ब्लॉक की समस्त इच्छुक महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। सहायक आचार्य डॉ.कपिल दहिया ने बताया कि बताया कि 24 दिवस के इस प्रशिक्षण में 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थित रहने वाली छात्राओं को प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। सहायक आचार्य राजेश मालवीय ने बताया कि इस केन्द्र का उद्देश्य महाविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत छात्राओं में आत्मरक्षा कौशल संवर्धन द्वारा छात्राओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावनाओं को संबल प्रदान कर मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाना तथा समाज में महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों के प्रतिरोध के लिए छात्राओं को प्रशिक्षित करना हैं। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं सहायक कर्मचारी भवानी सिंह उपस्थित रहे।

अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह 2025 आयोजित

पाली, (नि.सं.)। ब्लॉक पाली ग्रामीण परियोजना में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को पंचायत समिति सभागार मे अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन उपनिदेशक राजेश कुमार महिला एंव बाल विकास विभाग एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरभि चौहान की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में उपनिदेशक ने स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार की थीम पर महिला स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। महिला एंव बाल विकास विभाग एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी चौहान ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मोटा अनाज,हरी पत्तेदार सब्जियां व पोषाहार से विभन्न प्रकार के तैयार किये गये व्यंजनो के महत्व के महत्वपूर्ण लानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवाराम चौधरी ने पालनहार योजना, आंगनबाड़ी और स्कूल के समन्वित कार्यक्रम के बारे मे तथा संदर्भ व्यक्ति प्रभु सिंह द्वारा ईसीसीई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक मंजु देवी, जीना संतोष, रीना मेवाड़ा, कनिष्ठ लेखाकार शालिनी मेवाड़ा, ब्लॉक समन्वयक राकेश कुमार, भगवान सिंह ,परियोजना सहायक भवानी प्रकाश, जिला समन्वयक सिकंदर खान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

आहोर ब्लॉक की समीक्षा बैठक हुई

जालोर, (कासं)। नीति आयोग, भारत सरकार के आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के जालोर जिले के चयनित आहोर ब्लॉक के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ में समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने एबीपी प्रोग्राम के तहत चयनित मानकों के प्रमुख घटकों के आधार पर मेडिकल, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आहोर ब्लॉक में लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने को लेकर विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अद्यतन डाटा पोर्टल पर अपडेट किए जाने के साथ ही डीओआईटी के माध्यम से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, आहोर उपखण्ड अधिकारी सांवरमल रैगर, मुख्य आयोजना अधिकारी महेश चावला, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी मुनेश मीणा, आहोर ब्लॉक के एबीएफ तरूण कुमार सहित आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

हेमेंद्र राजपुरोहिता का अभिनंदन

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के निकट सांकरण निवासी हेमेंद्रसिंह पुत्र पुखराजसिंह राजपुरोहित का राजस्थान लेखा सेवा में लेखाधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर मंगलवार को सांकरणा गांव के युवाओं द्वारा उनके माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर नारायणसिंह, विजय सिंह यातायात सलाहकार, लेखराज, विजयसिंह दुर्गाणी, राजूसिंह, चंद्रप्रकाश प्रधानाचार्य, महेंद्रसिंह वार्ड पंच, कमलेशकुमार, महेंद्रसिंह लेखाधिकारी प्रथम, प्रवीणसिंह, चंदनसिंह, मानवेंद्र सिंह एडवोकेट एवम विशन सिंह सांथू, दिनेशकुमार लेखाधिकारी, सुरेशकुमार टेलर लेखाधिकारी प्रथम, महेंद्र कुमार एडवोकेट, मोहम्मद इरफान प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर एवम समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

पानी की टंकी पर प्रदर्शन, केस दर्ज

जोधपुर, (कासं)। शहर में तीन दिन पहले चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर 18 में पानी की मांग को लेकर टंकी पर चढ़े कांठोसी नेता और अन्य पर राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज हुआ है। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता की तरफ से चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में यह रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग नगर उपखंड चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड के सहायक अभियंता सुनील माथुर ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 11 अक्टूबर को सेक्टर 18 में पानी की टंकी पर चढक़र प्रदर्शन करने वाले कांठोसी नेता हेमंत शर्मा, विनोद तेजी आदि ने राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने घटना के समय इन लोगों को समझाइश कर पानी की टंकी से नीचे उतरवाया था।

कई चिकित्सकों को पदोन्नत किया

जोधपुर, (कासं) । चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग के शासन उप सचिव शिवशंकर अग्रवाल ने आदेश जारी कर मेडिकल कॉलेज, जोधपुर की सह आचार्य, फोरेंसिक मेडिसिन डॉ बिनाका गांधी को स्वंय की वेतन श्रृंखला में आचार्य फोरेंसिक मेडिसिन के पद पर पदनामित किया है। इसी प्रकार सहायक आचार्य, न्यूरोलॉजी डॉ रीनू चौधरी को भी सह आचार्य न्यूरोलॉजी के पद पर, सहायक आचार्य सर्जरी डॉ रामदयाल को सह आचार्य सर्जरी के पद पर तथा सहायक आचार्य सर्जरी डॉ महेन्द्र कुमार को सह आचार्य सर्जरी के पद पर स्वंय की वेतन श्रंखला में पदनामित किया है।

बिना लाइसेंस पटाखें बेचने का मामला

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र डालीबाई मंदिर चौराहा के पास में बिना लाइसेंस पटाखें बेचने पर एक दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज किया गया। दुकान से पटाखों को जब्त करने की कार्रवाई की। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने के एएसआई अनिल कुमार ने ड़ाली बाई मंदिर चौराहा के पास अवैध रूप से पटाखे बेच रहे सम्पतराज को पकड़ा। उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम में केस दर्ज किया गया।

जालोर की सड़क पर सीवरेज का गंदा पानी, लोगों में रोष

जालोर, (कासं)। जालोर शहर में जगह जगह सीवरेज लाईन व्यवस्थित रुप से नहीं बिछाई जाने से सीवरेज का गंदा पानी सडको पर बहने से आमजन ने रोष प्रकट किया। लोगों ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार होने के साथ जालोर नगरपरिषद में लगातार भाजपा का बोर्ड होने के बाद सीवरेज सहित शहर की मूलभूत सुविधा का निदान तक नहों हो पाया है।

मंगलवार को शहर में फैल रही गंदी से परेशान हैड पोस्ट रोड पर सीवरेज का गंदा पानी बहने पर लोगों ने बोर्ड लगाकर विरोध जताया।

जालोर शहर में नगरपरिषद की उदासीनता व प्रशासन के ढूलमूल रवैया के चलते शहर में जगह जगह सडके क्षतिग्रस्त है। वही नालिया का निर्माण नही करने तथा सीवरेज की नियमित सफाई नही करने से सीवरेज के मैन हॉल से गंदा पानी सडको पर बहने से लोगो ने रोष प्रकट किया। जालोर शहर में सीवरेज लाईन अव्यवस्थित तरीके से बिछाने तथा सीवरेज में पाईप की साईज कम रखने से सीवरेज लाईन आगे आगे ब्लॉक होती जा रही है। ऐसे में नगरपरिषद द्वारा नियमित रुप से ब्लॉक मैन हॉल की सफाई नही करने से गंदा पानी मैन हॉल से रोड पर बहने से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जालोर विधायक ने अभी हाल में शेष रहे कॉलोनियो में सीवरेज बिछाने को लेकर करीब 25 करोड रुपये का टेंडर जारी कर कार्य शुरु करवाया है। लेकिन आज से करीब पन्द्रह पहले बिछाई गई सीवरेज के आधार पर ही आठ इंच पाईप लाईन बिछाने पर भी लोगो ने विरोध जताया। लोगो ने कहा कि पाईन लाईन कम गेज की बिछाने से पानी आगे आगे नही बढ पायेगा तथा सीवरेज ब्लॉक होने से गंदा पानी रोड पर फैलने के साथ घरो में आने लग जायेगा। नगरपरिषद की उदासीनता का अंदाज इस बात से भी लगाया जा सकता है कि दिपावली का पर्व नजदीक है । लेकिन परिषद की ओर से बारिश में जगह जगह क्षतिग्रस्त सडको की मरम्मत करने के साथ कई जगह पानी भरा होने से उसकी निकासी तक नही की गई है।

ऐसे में मंगलवार को हैड पोस्ट रोड पर सुबह सीवरेज के मैन हॉल से गंदा पानी रोड पर बहने से लोगो ने बोर्ड लगाकर बताया कि केन्द्र व राज्य में भाजपा की सरकार , जालोर में विधायक भाजपा के तथा नगरपरिषद का बोर्ड लगातार भाजपा का होने के बाद इस डबल इंजन सरकार द्वारा आमजन की समस्या हल करने में सफल क्यो नही हो पा रही है। लोगों ने बताया कि कडी से कडी से भाजपा की जुडी होने के बाद भी आमजन गंदगी, क्षतिग्रस्त सडक सहित कई मूलभूत सुविधा से आमजन त्रस्त नजर आ रहा है।

दी जनरल मर्चेण्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जालमसिंह ने बताया कि दीपावली नजदीक है तथा कई बार प्रशासन व परिषद को अवगत करवाने के बाद भी शहर में जगह जगह गंदगी फैल हुई है, सड़कें क्षतिग्रस्त है। सीवरेज का गंदा पानी व्यापारियों की दुकानो के आगे से गुजर रहा है। जिससे व्यापारियों के व्यापार पर प्रभाव पड रहा है। नगरपरिषद व प्रशासन दीपावली से पहले बिगड़ी सफाई व्यवस्था व सडकों की मरम्मत का कार्य करवाये।

एच.डी.एफ.सी. बैंक की अपील खारिज

जोधपुर, (कासं)। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,जोधपुर ने अपने फैसले में यह महत्वपूर्ण व्यवस्था दी है कि बैंक खाताधारक आरटीजीएस से रुपए हस्तांतरित करते वक्त प्राप्तकर्ता के गलत खाता नंबर अंकित कर देता है तो बैंक की यह जवाबदेही है कि वास्तव में यह राशि सही खाताधारक को गई है अथवा नहीं। आयोग के न्यायिक सदस्य निर्मल सिंह मेड़तवाल और सदस्य लियाकत अली ने एचडीएफसी बैंक की अपील खारिज करते हुए कहा कि बैंक परिवादी को अंतरित राशि 6 लाख 68 हजार 700 रुपए मय 24 जनवरी 2017 से 7 फीसदी ब्याज और पांच हजार रूपए वाद व्यय अदा करें।

एचडीएफसी बैंक की ओर से अपील दायर कर कहा गया कि परिवादी ने आरटीजीएस आवेदन प्रपत्र में जो खाता संख्या लिखी थी,उसी पर प्राप्तकर्ता के खाते में 6 लाख 68 हजार 700 रुपए हस्तांतरित कर कोइ गलती नहीं की। लेकिन जिला आयोग ने परिवाद मंजूर कर गलत फैसला किया है सो उसे निरस्त किया जाएं।

परिवादी की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि 13 अंक के बैंक खाता नंबर में परिवादी ने सहवनवश 421505 की जगह 421502 लिख दिए,लेकिन खाता धारक का नाम एस 3 एंटरप्राइज लिखा। बैंक ने सिर्फ खाता नंबर के हिसाब से यह राशि मोहम्मद शफी को हस्तांतरित कर अपने कर्तव्य में कौताही बरती है,क्योंकि उन्हें खाता नंबर के साथ ही खाताधारक का नाम भी जांचना चाहिए था।

राज्य उपभोक्ता आयोग ने बैंक की अपील खारिज करते हुए कहा कि बैंक से यह अपेक्षा थी कि वे लाभार्थी के खाता नंबर और नाम का आपस में मिलान करते। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी बैंकों को हिदायत दी हुई है कि आरटीजीएस आवेदन प्रपत्र में लाभार्थी के खाता नंबर के साथ ही खाताधारक का नाम भी जांच कर सत्यापित करें।

उन्होंने कहा कि बैंक की ओर से आवेदन प्रपत्र में जो अलग ही शर्तें लिखी है, उसे मानने के लिए परिवादी बाध्य नहीं है और बैंक की सेवा में त्रुटि साबित है। बैंक को अधिक सतर्कता और सावधानी बरतनी चाहिए थी।

प्रतिष्ठानों पर लगाई पैनेल्टी

पाली, (नि.सं.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार दीपावली के त्योहार पर मिठाई, सुखे मेवे, बेकरी उत्पाद इत्यादि के साथ डिब्बा तौलने, कम माप तौल एवं पैकेजिंग निमयों में तय मापदंडों के अनुसार बिक्री न करने इत्यादी की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा 13 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक एक विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है।

रसद अधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि अभियान के तहत गठित संयुक्त जांच दल प्रवर्तन अधिकारी कमल कुमार पंवार, जितेन्द्रसिंह एवं विधिक माप विज्ञान अधिकारी विष्णुदत जोशी द्वारा जिले में सोमवार को पाली शहर स्थित कुल 4 प्रतिष्ठानों क्रमशः (1) फैनजी मेवा (2) वेंकटेश एजेन्सी (3) मां कृपा जनरल स्टोर एवं (4) रामसुख पिती का निरीक्षण किया गया।

बच्चों का ज्ञान शिविर चौरड़िया भवन में आज से

जोधपुर, (कासं)। जयमल पाठशाला के तत्वावधान में 15 से 20 अक्टूबर तक बालक-बालिकाओं का ज्ञान शिविर चौरड़िया भवन में आयोजित किया जाएगा।

सुमित मुनि के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस छह दिवसीय ज्ञान शिविर को लेकर बच्चों में भारी उत्साह है। शिविर को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

दूसरी तरफ चातुर्मास प्रवचन में आज सुबह सुमति मुनि ने परमात्मा महावीर की निर्वाण देशना के समवशरण में प्रभु द्वारा अमोघ वाणी के रूप में बरसाये गये उत्तराध्ययन सूत्र के 26 वें तथा सताइसवें अध्ययन ''खलुकिज्जं'' की चर्चा करते हुए कहा कि हमको जीवन को जानना है, जीना है एवं जीवन को गाना है। माता अपने बच्चों को गंभ से लेकर जीवन पर्यन्त सुरक्षा करती है। हमारी प्रवृत्ति सम्यक हो ,हम अशुभ से शुभ में आये। बोलते वक्त आत्महित की बात ध्यान में रखनी चाहिए। सत्य भी यदि हितकारी व परोपकारी हो तब ही बोलना चाहिए ।

इससे पूर्व साध्वीश्री ने कहा कि चर्तुविध संघ के चारों खिलाड़ी श्रावक-श्राविका साधु साध्वी कर्मो से प्रभावित नहीं होकर ज्ञात दृष्टा बन जाता है । तब राग दोष को जीता जा सकता है। तीन प्रकार की भूमि होती है, उपजाऊ, बंजर एवं भविष्य में ऊपजाऊ होने वाली भूमि। एक कुशल माली अपने पुरुषार्थ से भूमि को ऊपजाऊ बनाता है लेकिन बंजर भूमि में मिथ्यात्व के कारण परिर्वतन नहीं होता है। साध्वी ने कहा कि यदि कहने वाल का मन तैयार हो लेकिन सुनने वाले का सुनने की इच्छा नही हो तो आप समझाना छोड़ दो। समय पर स्थिति अपने आप ठीक हो जायेगी।

संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा, मंत्री माणक चन्द ललवानी तथा अशोक बोहरा ने बताया कि 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक सुबह ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक बालक-बालिकाओं का ज्ञान शिविर जयमल पाठशाला के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

सर्राफा व्यवसायियों को चूना लगाकर फरार हो गया बुलियन डीलर

जोधपुर, (कासं)। स्थानीय घोड़ों का चौक में बुलियन का काम करने वाला एक व्यवसायी करीब एक दर्जन सर्राफा व्यवसायियों को करोड़ों का चूना लगाकर फरार हो गया। बुलियन डीलर करीब 6 करोड़ रुपए कैश, करीब 3 किलो सोना और 100 किलो से अधिक चांदी लेकर फरार हुआ है। ठगी के शिकार सर्राफा व्यापारी धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। इसमें से कइयों ने ग्राहकों से पैसा ले रखा था, जो धनतेरस के लिए सोने की खरीद का था।

अनुमान के मुताबिक 100 से अधिक ठाहकों ने धनतेरस के दिन आभूषण की बुकिंग करा रखी थी। ज्वैलर्स अब परेशान हैं कि वे ग्राहकों को क्या मुंह दिखाएंगे।

इस मामले में शहर विधायक अतुल भंसाली ने भी पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहा है। देर रात तक सदर बाजार पुलिस थाने ने एफआइआर दर्ज की गई है। देर रात तक सर्राफा व्यवसायी थाने पर जुटे रहे।

दरअसल बीकानेर निवासी शब्बीर अली घोड़ों का चौक भिश्तियों की बस्ती में कादरी बुलियन एंड गोल्ड टेस्टिंग नाम से दुकान चलाता था। वह सोना-चांदी खरीद कर लाता और सर्राफा व्यापारियों को बेचता था। उसने 6 साल में व्यापारियों को दिल जीत लिया। इसलिए व्यापारी उस पर आंख बंद करके भरोसा करते थे।

आरोपी के साथ उसका भाई भी काम करता था। सोमवार सुबह से आरोपी नहीं दिखा। उसकी दुकान पर ताला लगा हुआ था। संभवतः दो तीन दिन से दुकान भी बंद है।

कई व्यापारियों को शब्बीर अली सोमवार को सोना सप्लाई करने वाला था, लेकिन दोपहर तक नहीं आया तो राज खुला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

दुकानदारों एवं होलसेलरों को जागरूक किया

पाली, (नि.सं.)। जिला प्रशासन तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 8 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 60 दिवसीय ''तम्बाकु मुक्त युवा अभियान 3.0'' के अंतर्गत मंगलवार को पाली जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के अधिकारियों द्वारा तम्बाकू बेचने वाले दुकानदारों एवं होलसेल विक्रेताओं को तम्बाकू उत्पादों का विज्ञापन करने वाले बोर्ड्स एंव स्टीकर्स नहीं लगाने हेतु जागरूक कर उनकी समझाईस की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की कड़ी में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र के सायकॉलोजिस्ट तथा ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के सीसैनीने टीम के साथ पूरे शहर का भ्रमण कर कार्यवाही को अंजाम दियातथापूरे शहर की तम्बाकू की दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगेहुयेतम्बाकू के विज्ञापन वाले बोर्ड एंव स्टीकर्स को तुरन्त हटवाया तथा सभी दुकानदारों का परामर्श कर उनको इस बाबत पाबन्द किया तथा आगे से इस प्रकार कोटपा अधिनियम का उल्लंघन नहीं करने बाबत समझाया। सीएमएचओ डॉ. मारवाल से बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां जिले में अब नियमितरूप से आयोजित होगीं। कोटपा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही भी की जायेगी।

उन्होंने जिले के समस्त तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं का आहवान किया है कि वे किसी भी तम्बाकूउत्पदका प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से विज्ञापन नहीं करें अन्यथा कोटपा अधिनियम में कार्यवाही होना तय है। उन्होंने जिले के चिकित्सा विभाग के समस्त अधिकारियों को भी अपने अपने कार्यक्षेत्रों में इस प्रकार की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वेदान्त गर्ग ने बताया कि सेमवार को जिला कलक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित विभिन्न अधिकारियों कीउपस्थितीमें राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किये जा रहे ''तम्बाकु मुक्त युवा अभियान 3.0'' के पाली जिले के पोस्टर का विमोचन किया गया । इस अवसर पर प्रशिक्षु आई.ए.एस. बिरजु गोपाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. बजरंग सिंह, डॉ. वेदान्त गर्ग, के.सी. सैनी, रेवन्त राम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के साइकोलोजिस्ट तथा एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रिंसिपल के. सी. सैनी ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों तथ पीक थूकने वालों के खिलाफ एवं कोटपा के उल्लंघनकर्ता दुकानदारों के खिलाफ बुधवार से चालानी कार्यवाही शुरू की जायेगी तथा उनसे जुर्माना उभी वसूला जायेगा।

शिक्षण संस्थानों से 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पद बेचने वालों पर भी चालानी कार्यवाही होगी। हुक्का बार एवं ई-सिगरेट वालों पर भी कार्यवाही की जायेगी।

युवक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। लूणी पुलिस ने एक युवक से धारदार हथियार बरामद कर उसे आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया।

लूणी थाने के हैड कांस्टेबल ओमसिंह ने शिकारपुरा क्षेत्र में जम्भेश्वर नगर कांकाणी निवासी राजेश विश्नोई को धारदार हथियार लेकर घूमते गिरफ्तार कर हथियार जब्त किया।

पुष्य नक्षत्र पर बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ी

जोधपुर, (कासं)। शहर में दीपावली से पहले मंगलवार को गुरु पुष्य नक्षत्र के संयोग में शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। धनतेरस, रूप चतुर्दशी और दीपावली से पहले आए इस शुभ नक्षत्र पर बाजारों में मिनी धनतेरस जैसा माहौल रहा।

इस बार पुष्य नक्षत्र का दो दिवसीय शुभ संयोग है। परंपरागत रूप से मिनी धनतेरस माने जाने वाले पुष्य नक्षत्र पर खरीदारी को शुभ माना जाता है, इसी कारण व्यापारी और ग्राहक दोनों में उत्साह देखा गया। पुष्य नक्षत्र में सिद्ध योग और साध्य योग दोनों का संयोग है, जो इसे और भी मंगलमय बना रहा है। पुष्य नक्षत्र का काल आज दोपहर 11.54 बजे शुरू हो गया जो 15 अक्टूबर को दोपहर 11.59 बजे तक रहेगा। कुल 24 घंटे 6 मिनट तक यह नक्षत्र रहेगा। इस अवधि में की गई खरीदी दीर्घकालीन लाभ वाली होगी।

दुकानों व शोरूमों पर भीड़ दिखी

पुष्य नक्षत्र पर आज सोने-चांदी के आभूषणों की दुकानों पर विशेष भीड़ रही। आभूषण विक्रेताओं के अनुसार, इस दिन रोजमर्रा की तुलना में कई गुना अधिक बिक्री हुई। व्यापारियों को उम्मीद है कि आगामी धनतेरस पर बिक्री में कई गुना बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही पूजन सामग्री, बही-खाता, चौपड़ी, कलम-दवात और व्यापारिक सामान की खरीदारी भी जोर पर रही। व्यापारियों ने बताया कि ग्राहकों के उत्साह को देखकर अब वे धनतेरस और दीपावली के लिए अधिक स्टॉक और ऑफर तैयारियों में जुट गए हैं।

ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, गारमेंट, बर्तन, प्रॉपर्टी, वाहन, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सजावटी सामान सहित हर सेक्टर में खरीदारी का बूम देखने को मिला। शहर के नई सडक़, सोजती गेट, त्रिपोलिया बाजार, सरदारपुरा ए, बी, सी व डी रोड, चौपासनी रोड, जलजोग और रातानाडा बाजारों में चहल-पहल बनी रही।

आवासीय भाषा बोधन वर्ग का समपन आज

जालोर, (कासं)। संस्कृत भारती जालोर की ओर से आवासीय भाषा बोधन वर्ग अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जा रहा है।,

जिलाध्यक्ष कल्पेश बोहरा ने बताया कि संस्कृत भारती जालोर विभाग द्वारा आयोजित आवासीय भाषा बोधनवर्ग में प्रशिक्षित शिक्षक श्रवण विश्नोई प्रांत साहित्य प्रमुख, राहुल कुमार, ललित गर्ग, च्यवन ठाकुर द्वारा खेल - खेल में सहज व सरल संवाद पद्धति से संस्कृत संभाषण का अभ्यास करवाया जा रहा है। जिससे शिक्षार्थी परस्पर संवाद के माध्यम से संस्कृत को पुनः जनभाषा के रूप में अपना सके।

विभाग संयोजक भंवरलाल ने बताया कि कार्यक्रम महेशनाथ महाराज भैरवधाम बागरा के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, मुख्य वक्ता लीलाधर शर्मा प्रांत मंत्री संस्कृत भारती, विशिष्ट अतिथि जवानमल सुथार एवं संस्कृत भारती के प्रांत अध्यक्ष तुलसीदास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

शहरी सेवा शिविरों से लोगों को राहत देने के काम

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाने व उनके संबंधित प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित कर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए जिले के शहरी निकायों में 17 अक्टूबर, 2025 तक शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन किया जा रहा है।

नगर परिषद जालोर के आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 35 से 37 तक के लिए नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें आबादी भूमि नियमन, कृषि भूमि नियमन, भवन निर्माण स्वीकृतियाँ, नामान्तरण, उप विभाजन प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन इत्यादि से संबंधित आवेदन पत्र किए गए। शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया। नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 38 से 40 तक के लिए 15 व 16 अक्टूबर को नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें नागरिकों के विभिन्न कार्य करने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

जिले में गांवों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, जागरूक और सशक्त बनाने तथा जनसहभागिता, सरकारी सेवाओं की सीधी पहुंच और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पहुँचाने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से ग्राम पंचायतवार ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार 16 अक्टूबर, गुरूवार को जालोर तहसील की नरसाणा व डांगरा, आहोर तहसील की गुडा बालोतान व उम्मेदपुर, सायला तहसील की रेवतड़ा व जालमपुरा, जसवंतपुरा तहसील की तवाव व तातोल, रानीवाड़ा तहसील की आजोदर व जोडवास, सांचौर तहसील की लाछीवाड व राजीव नगर एवं चितलवाना तहसील की दूठवा व टांपी ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

सामान चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती मथानिया क्षेत्र में एक बिजली गोदाम से हजारों का बिजली का सामान चोरी हो गया। गोदाम पर जब जांच की तो पता लगा कि काफी माल पार हुआ है। गोदाम मालिक की तरफ से मथानिया थाने में रिपोर्ट दी गई है।

कार्यालय नगर पालिका, सिवाना (जिला-बालोतरा)

क्रमांकः नपासि/विकास/2025/1849 दिनांकः 26.09.2025

ई-निविदा सूचना सं 06/2025-26

नगर पालिका सिवाना क्षैत्र में विभिन्न विकास कार्यो हेतु क्रेन्द्र एवं राज्य सरकार के विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदकों से ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया से ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते पालिका कार्यालय नोटिस बोर्ड, पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर जरीये यूबीएन नं. DLB2526WSOB21519, 20, 21, 22 द्वारा देखी जा सकती है तथा बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

प्रशासक नगर पालिका सिवाना — अ